# कार्यालय अपर पुलिस आयुक्त, कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय कमिश्नरेट वाराणसी।

## प्रेस नोट

**दिनांक-29.09.2025**

**विषयः-अपर पुलिस आयुक्त, कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय कमिश्नरेट वाराणसी महोदय के आदेशानुसार कमिश्नरेट वाराणसी के सम्पूर्ण क्षेत्र में मिशन शक्ति फेज-5-0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन एवं यातायात को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से दोपहिया वाहनों (विशेषकर बुलेट) में माडिफाइड साइलेन्सर, चार पहिया वाहनों में हूटर एवं काली फिल्म लगे वाहनों एवं दूषित नम्बर प्लेट(टूटे, मिटे नम्बर प्लेट, ढ़के नम्बर प्लेट आदि)के विरुद्ध चलाये गये विशेष चेकिंग अभियान के सम्बन्ध में कृत कार्यवाही का विवरण।**

आज दिनांक 29.09.2025 को अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय कमिश्नरेट वाराणसी श्री शिवहरी मीणा महोदय के आदेशानुसार कमिश्नरेट वाराणसी के सम्पूर्ण क्षेत्र में मिशन शक्ति फेज-5-0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा,सम्मान, स्वावलम्बन एवं यातायात को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से दोपहिया वाहनों (विशेषकर बुलेट) में मॉडिफाइड साइलेन्सर, चार पहिया वाहनों में हूटर एवं काली फिल्म लगे वाहनों एवं दूषित नम्बर प्लेट(टूटे, मिटे नम्बर प्लेट, ढ़के नम्बर प्लेट आदि) के विरुद्ध राजपत्रित अधिकारीगण के नेतृत्व में समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कृत कार्यवाही का विवरण निम्नवत् हैः-

- अभियान के दौरान कुल 2064 दो पहिया वाहन को चेक किया गया।
- अभियान के दौरान माडिफाइड साईलेन्सर लगे 110 दो पहिया वाहन पाये गये जिसमें 99 वाहनों का 174000/-रु0 का आनलाइन चालान किया गया एवं 11 वाहन को सीज किया गया।
- अभियान के दौरान हूटर एवं काली फिल्म लगे चार पहिया के विरुद्ध कार्यवाही हेतु कुल-1578 वाहनों की चेकिंग की गयी।
- चेकिंग के दौरान हूटर लगे 20 वाहन पाये गये जिसमें 19 का आनलाइन चालान किया गया एवं 01 वाहन स्वामी को हिदायत देकर छोड़ा गया।
- चेकिंग के दौरान काली फिल्म लगे 72 वाहन पाये गये जिसमें से 69 वाहनों का आनलाइन चालान एवं 01 वाहन को सीज किया गया तथा 02 वाहन स्वामियों को हिदायत देकर छोड़ा गया।
- अभियान के दौरान दूषित नम्बर प्लेट लगे वाहन के विरुद्ध कार्यवाही हेतु कुल 2308 वाहनों को चेक किया गया।
- चेकिंग के दौरान कुल 239 दूषित प्लेट लगे वाहन पाये गये,जिसमें से 191 का 390500/-रु0 शमन शुल्क का आनलाइन चालान,40 वाहन को सीज किया गया एवं 08 वाहन चालकों के विरुद्ध 34 पुलिस एक्ट की कार्यवाही की गयी।

सोशल मीडिया
अपर पुलिस आयुक्त
कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय
कमिश्नरेट वाराणसी।